राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांक :– मुसप्र/2013/ 79 दिनांक :– 12/4/13

आदेश

राजस्थान सरकार के वित्त विभाग (कर अनुभाग) द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31.12.2012 के क्रम में आवासन मण्डल के परिपत्र क्रमांक प.42/मुसप्र/स्टाम्प डयूटी में छूट/2013/1200 दिनांक 24.01.2013 एवं क्रमांक 1324 दिनांक 15.02.2013, क्रमांक 1486 दिनांक 02.03.2013 तथा क्रमांक 1435 दिनांक 27.02.2013 जारी किये जाकर आवासों के नियमन हेतु विभिन्न चरणों में की जाने वाली कार्यवाही का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।

वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.2(19)एफडी(टैक्स)/2007–04 दिनांक 09.04.2013 के अन्तर्गत नगरीय निकायों द्वारा आवंटित एवं विक्रय की गयी स्थावर सम्पत्ति के अमुद्रांकित तथा अपंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर अन्तिम क्रेता के नाम लीजडीड जारी होने की स्थिति में स्टाम्प ड्यूटी में दिनांक 30.06.2013 तक छूट प्रदान की गयी है।

अतः सभी उप आवासन आयुक्त/आवासीय अभियन्ताओं को आदेशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दिनांक 31.12.2012 तक निष्पादित अमुद्रांकित/अपंजीकृत दस्तावेजों से युक्त आवासों के नियमन हेतु आवेदन दिनांक 31.03.2013 तक प्राप्त हुए है एवं इसके अतिरिक्त दिनांक 07.06.2013 तक प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर नियमन से संबंधित कार्यवाही अपने स्तर से समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए प्राप्त आवेदन पत्रों को समाचार पत्र में प्रकाशन, आक्षेप प्राप्त करना, बकाया राशि की गणना करते हुए अन्तिम क्रेता के नाम नियमन/लीजडीड जारी करने की कार्यवाही पूर्व निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत नियमानुसार दिनांक 25.06.2013 से पूर्व सुनिश्चित की जावें, जिससे दिनांक 30.06.2013 से पूर्व लीजडीड का पंजीयन हो सके। दिनांक 25.06.2013 के पश्चात् भी यदि आवेदन पत्र निस्तारण से लम्बित रहते है तो संबंधित उप आवासन आयुक्त/आवासीय अभियन्ता विलम्ब के लिए व्यक्तिशः उत्तरदायी होगें एवं उनसे बिना कोई स्पष्टीकरण प्राप्त किये उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

उक्त आदेश को माननीय अध्यक्ष महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

(डॉ0 आर. वैंकटेश्वरन)
आवासन आयुक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, रा0आ0मं0, जयपुर।
2. सचिव/मुख्य अभियन्ता/वित्तीय सलाहकार/निदेशक विधि, रा0आ0मं0, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा0आ0मं0, जयपुर एवं जोधपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता(पीएण्डएम0), रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वरिष्ठ निजी सहायक–मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, रा0आ0मं0, जयपुर।
6. जन सम्पर्क अधिकारी, रा0आ0मं0, जयपुर।
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–..., रा0आ0मं0, ...(समस्त)
8. आवासीय अभियन्ता, खण्ड–..., रा0आ0मं0 ,...................................(समस्त)
9. सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर, रा0आ0मं0, जयपुर को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति मण्डल की वेबसाईट पर डलवायें व सभी को मेल करें।
10. रक्षित पत्रावली।

मुख्य सम्पदा प्रबन्धक

Desktop-1 Letter